**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 22.09.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना आटा पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण कर घटना से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को चोरी की 05 अदद सोलर प्लेट के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।**

दिनांक 20.07.2025 को वादी रामशरन पुत्र स्व0 मेवालाल 75 मेगावाट प्लान्ट परासन कालपी जनपद जालौन द्वारा थाना आटा में तहरीरी सूचना दी गयी की प्लान्ट के ब्लक नं0 03 के रो0न0 12 के इनवाटर नं0-02 के 17 माडल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिये हैं। वादी के तहरीर के आधार पर थाना आटा में पर मु0अ0सं0 131/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

दिनांक 22.09.2025 को थाना आटा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर बहद ग्राम इटौरा के बंबी पुलिया के पास से अभियुक्त सत्यम सिंह पुत्र कीरत सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम परासन थाना आटा जनपद जालौन को 05 अदद सोलर प्लेट के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

अभियुक्त से माल बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आटा में पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

**अभियुक्त का विवरण-**

1. सत्यम सिंह पुत्र कीरत सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम परासन थाना आटा जनपद जालौन

**बरामदगी का विवरण-**

1. 05 अदद सोलर प्लेट

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

1. थाना प्रभारी आटा मय टीम।